प्रेषक,

देवेन्द्र नाथ सिंह,
अपर प्रधान न्यायाधीश कक्ष सं0–10,
पारिवारिक न्यायालय,लखनऊ।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय,लखनऊ।

**विषयः सर्कुलर सं. 25/एडमिन.(ए), दिनॉकित 13.07.1998 के अनुपालन में, अचल सम्पत्ति की सूचना।**

**महोदय,**

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा फ्लेट नंबर–802 टॉवर–ए, दिं ग्रेस,अपार्टमेण्ट, सेक्टर–बी सुशान्त गोल्फ सिटी अन्सल ए0पी0आई0, लखनऊ श्री श्रद्वा कोलोनाइजर प्राईवेट लिमिटेड प्रथमतल राजाराम कुमार प्लाजा, लखनऊ से क्रय किया गया। इस फ्लेट की वास्तविक कीमत मुबलिग 44,25,250/–रूपये (चव्वालिस लाख पच्चीस हजार दो सौ पचास रूपये ) है। माननीय न्यायालय के परिपत्र सं0 25 दिनॉकित 13.07.1998 के अनुसार सूचना निम्नवत् है–

| | |
|---|---|
| 1. सेवा प्रारम्भ करने की तिथिः | 16.06.2006 |
| 2. वर्तमान में कुल वेतन व घर जाने वाला वेतनः | कुल वेतन मुबलिग 1,86,532/–रूपये (एक लाख छियासी हजार पॉच सौ बत्तीस रूपया ) घर ले जाने वाला वेतन मुबलिग 1,40,523/–रूपये (एक लाख चालीस हजार पॉच सौ तेईस रूपया ) |
| 3. रूपये 10,000/– से अधिक चल सम्पत्ति क्रय करने का विवरण | (a) दिनॉक 21.10.2010 को रूपये 23,200/–(तेईस हजार दो सौ रूपया) का हान्डा कम्पनी का जेनरेटर खरीदा गया जिसकी सूचना माननीय न्यायालय को दिनॉक 28.04.2010 को दी गयी।<br><br>(b) दिनॉक 10.06.2010 को रूपये 76,150/–रूपये (छियत्तर हजार एक सौ पचास रूपया) का पिस्टल इण्डियन आर्डीनेंस फैक्ट्री कोलकत्ता से खरीदा गया था जिसकी सूचना माननीय न्यायालय को दिनॉक 13.07.2007 को दी गयी। |

26.11.21

(C) मेरे द्वारा वर्ष 2016 में वेन्टो कार मुबलिग 9,50,000/–(नौ लाख पचास हजार ) रूपये में क्रय की गयी, जिसका पंजीकरण संख्या– U.P.26-V7318 है, इसकी सूचना दिनॉक 06.08.2016 को माननीय न्यायालय को प्रेषित की गयी।

(d) मेरे द्वारा दिनॉक 05.07.2020 को नई बुलेट मोटर साईकिल मुबलिग 1,30,505/–( एक लाख तीस हजार पॉच सौ पॉच ) रूपये में क्रय की गयी, जिसका पंजीकरण संख्या–U.P.32-LM7318 है। जिसकी सूचना दिनॉक 07.08.2020 को माननीय न्यायालय को प्रेषित की गयी।

4. क्या माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण लिया गयाः — जी नहीं।

5. क्या बैंक से कोई ऋण लिया गया, यदि हां तो उसका विवरणः — जी हॉ, मेरे द्वारा उक्त फ्लैट को क्रय करते समय एच0डी0एफ0सी0 बैंक,25 अशोक मार्ग,लखनऊ से मुबलिग 37,60,000/–( सैंतीस लाख साठ हजार ) रूपये का लोन स्वीकृत कराया गया, जिसका लोन एकाउन्ट नंबर–626316582 है। इसके पश्चात् उक्त लोन एल0आई0सी0, हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड में दिनॉक 15.06.2021 में पोर्ट करा लिया गया, जिसका लोन एकाउण्ट नम्बर–110200029531 है। एच0डी0एफ0सी0 द्वारा लिया गया लोन मुबलिग 29,514/–रूपये की 180 मासिक किस्तों में अदा किया जाना था। पोर्ट कराया गया एल0आई0सी0, हाउसिंग फाईनेंस का लोन मुबलिग 31,062/–

9/26-11-21

रूपये की 120 मासिक किस्तों में वापसी योग्य है।

6. सेकेण्ड हण्ड वाहन खरीदने के सम्बन्ध में विवरणः — लागू नहीं होते।

7. सम्पत्ति का विवरण (एरिया, शहर,जिला) कीः — फ्लेट नंबर–802 टॉवर–ए, दि ग्रेस, अपार्टमेन्ट,सेक्टर–बी, सुशांत गोल्ड सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ जिसका क्षेत्रफल 147.25 वर्गमीटर कीमती रूपये 44,25,250/– है।

8. डीलर/विक्रेता का पूरा नाम और पताः — श्री ऋद्वा कोलोनाइजर प्राइवेट लिमिटेड, पता–प्रथमतल, राजाराम कुमार प्लाजा, 75,हजरतगंज,लखनऊ 226001

9. क्या डीलर नियमित एवं विख्यात प्राप्त हैः — जी हॉ ।

10. क्या न्यायिक अधिकारी से सम्बन्धित है तथा कोई वाद उससे सम्बन्धित निर्णीत किया गया था या लम्बित हैः — जी नहीं।

11. धनराशि के स्रोत का विवरणः — (a) पूर्व में मुझे 240 वर्गगज क्षेत्रफल का एक प्लाट आर–03/0019 अंसल ए0पी0आई0, लखनऊ द्वारा विकसित की जा रही आवासीय योचना सुशान्त गोल सिटी, लखनऊ में आवंटित हुआ था। उक्त प्लाट के आवंटन की सूचना दिनॉक 01.07.2017 को मेरे द्वारा माननीय न्ययालय को प्रेषित की गयी। उक्त प्लाट संख्या आर–03/0019 के एवज में मेरे द्वारा कुल मुबलिग 6,76,500/–रूपये( छः लाख छियत्तर हजार पॉच सौ ) का भुगतान अंसल ए0पी0आई0, लखनऊ को किया गया था ।

26.11.21

मेरे द्वारा बार–बार कहने के बावजूद अंसल ए0पी0आई0, लखनऊ द्वारा आवंटित उक्त प्लाट को भौतिक रूप से अपने एक्शन प्लान में नहीं दिखाया गया, इसलिए मेरे द्वारा उक्त प्लाट के एवज में भुगतान की गयी धनराशि की मॉग की गई। अंसल ए0पी0आई0, लखनऊ से मेरे द्वारा अनुरोध करने पर अंसल ए0पी0आई0, लखनऊ सुशान्त गोल्फ सिटी ने उक्त प्लाट के एवज में दिये गये मुबलिग 6,76,500–रूपये( छः लाख छियत्तर हजार पॉच सौ ) पर 12 प्रतिशत ब्याज कुल 2,12,244/– रूपये ( दो लाख बारह हजार दो सौ चव्वालिस) में से 10 प्रतिशत टी0डी0एस0 मुबलिग 21,224/– रूपये ( इक्कीस हजार दोसौ चौबिस) रूपये को काटते हुए मुबलिग 8,67,520/–रूपये( आठ लाख सड़सठ हजार पॉच सौ बीस) श्री ऋद्वा कोलोनाइजर प्रा0 लि0 को फ्लैट नंबर–802, टावर–ए, दि ग्रेस अपार्टमेण्ट, सुशान्त गौल्फ सिटी के सापेक्ष सीधे अन्तरित कर दिये गये।

(b) उक्त धनराशि के अतिरिक्त मेरे द्वारा अपने बचत खाता संख्या–0294000100704911 पंजाब नेशनल बैंक की चेक संख्या–142565 के द्वारा

26-11-21

मुबलिग 66,000/–रूपये (छाछंठ हजार रूपये ) दिनॉक 01.07.2017 को श्री ऋद्वा कोलोनाइजर प्रा0 लि0 को दिये ।

(C) एच0डी0एफ0सी0 बैंक, लखनऊ के लोन खाता संख्या–626316582 से कुल मुबलिग 28,28,467/–रूपये (अठ्ठाईस लाख अठ्ठाई हजार चार सौ (सढ़सठ रूपये ) लोन लेकर श्री ऋद्वा कोलोनाइजर प्रा0 लि0 को अदा किये गये तथा दिनॉक 10.08.2018 को R.T.G.S. के माध्यम से रूपये 2,27,671/–( दो लाख सत्ताइस हजार छः सौ इकत्तर रूपये) पुनः उक्त लोन खाता संख्य –626316582 से दिये गये।

(d)मुबलिग 4,00,000/–रूपये ( चार लाख रूपये) अपने बचत खाता संख्या– 0294000100704911 पंजाब नेशनल बैंक की चेक संख्या–336387 के द्वारा 18.09.2018 (दिनॉक 20.09.2018 को भुगतान हुआ )को, दिनॉक 07.03. 2020 (दिनॉक 13.03.2020 को भुगतान हुआ) को चेक संख्या–068141 के द्वारा मुबलिग 3,00,000/–रूपये ( तीन लाख रूपये ) तथा दिनॉक 05.10.2021 को मुबलिग 69,943/–रूपये ( उनसठ हजार नौ सौ तेतालिस रूपये ) चेक संख्या –068149 से दिये गये ।

(e) इस प्रकार मेरे द्वारा कुल मुवलिक 47,59601/–रूपये ( सैतालिस लाख उन्सठ हजार छः सौ एक रूपये ) श्री श्रद्वा कोलोनाइजर को अदा किये गये। जिसमें टैक्स आदि सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त अपने बचत खाता संख्या– 294000100704911

26.11.21

पंजाब नेशनल बैंक से R.T.G.S. के माध्यम से स्टाम्प के लिये रूपये 3,00,000/— (तीन लाख रूपये ) दिनॉक 01.10.2021 को दिया गया।

दिनॉक 23.06.2017 को N.S.C का भुगतान रूपये 1,75,962/—(एक लाख पिचत्तर हजार नौ सौ बासठ) प्राप्त हुआ।

दिनॉक 22.02.2018 को मेरे द्वारा अपनी पुरानी पुण्टो कार मुबलिग रूपये 2,60,000/— (दो लाख साठ हजार) में विक्रय की गई। जिसकी सूचना सम्यक रूप से माननीय न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है।

दिनॉक 02.05.2018 को अवकाश नगदीकरण (Leave Encashment) का भुगतान रूपये 1,30,920/—(एक लाख तीस हजार नौ सौ बीस) प्राप्त हुए।

दिनॉक 03.07.2018 को 1,31,584 रूपये ( एक लाख इकत्तीस हजार पॉच सौ चौरासी) ऐरियर प्राप्त हुआ।

दिनॉक 20.08.2018 को ऐरियर मुबलिग 2,29,564/— ( दो लाख उन्तीस हजार पॉच सौ चौंसठ रूपये) प्राप्त हुए।

दिनॉक 27.02.2020 को Policy No- 1K005499301,S.B.I. life Insurance Co.Ltd. के पूर्ण होने पर रूपये 5,93,480.00 ( पॉच लाख तिरान्नबे हजार चार सौ अस्सी रूपये) प्राप्त हुए।

उपरोक्त सभी धनराशि मेरे बचत खाता संख्या —0294000100704911 पंजाब नेशनल बैंक में प्राप्त हुई।

अतः श्रीमान् जी से प्रार्थना है कि उक्त सूचना माननीय न्यायालय के समक्ष अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करने की कृपा करें।

सादर।

दिनॉक : 26.11.2021

भवदीय,

Dev N. Singh
26-11-21

(देवेन्द्र नाथ सिंह),
अपर प्रधान न्यायाधीश कक्ष सं0—10
पारिवारिक न्यायालय,लखनऊ।
I.D. No. U.P.06494

<u>संलग्नक—</u>

1. रजिस्ट्री की प्रति
2. प्लाट सं0 310019 के ऐवज में प्राप्त धनराशि की रसीद।
3. एच0डी0एफ0सी0 बैंक से स्वीकृत हुए लोन का पत्र।
4. एल0आई0सी0, हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से स्वीकृत हुए लोन का पत्र।
5. बैंक पास बुक की फोटोप्रति।